

02

दहेज प्रताड़ना : डांसर सपना चौधरी व उसकी मां से पुलिस ने की पूछताछ

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

धान से बने आभूषणों का महिलाओं में है जबरदस्त क्रेज



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, रविवार, 19 फरवरी 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, अमांत-माघ, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, मूल्य, 2.00 रुपए


## ग्रह बचाओ-पृथ्वी बचाओ विषय पर साप्ताहिक उत्सव आयोजित

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के इको एंड एनर्जी कंजर्वेशन क्लब ने प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन और संयोजक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता एंड कंपनी के पर्यवेक्षण में ग्रह बचाओ-पृथ्वी बचाओ विषय पर एक सप्ताह का उत्सव आयोजित किया है। सह-संयोजिका डॉ. मीनू अग्रवाल दिनांक 13 से 17 फरवरी तक विभिन्न उप-थीम के तहत कविता पाठ, स्लोगन राईटिंग, कोलाज मेकिंग, पीपीटी प्रेजेंटेशन और बेस्ट आउट ऑफ ई-वेस्ट जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अर्चना और मोहिनी द्वारा समन्वित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन के पहले दिन शनिवार को किया गया था, प्रथम स्थान निधि बीएससी, काजल सिंह एमएससी ने दूसरा स्थान और अंजलि बीएससी ने तीसरा स्थान हासिल किया। दूसरे दिन 14 फरवरी को बेस्ट आउट ऑफ ई-वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और इसका समन्वयन मानसी त्यागी और डॉ. अर्चना चौहान ने किया। जिसमें भावना बीएससी. केम.(ऑनर्स), दिव्या बीसीए दूसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम स्लोगन राईटिंग, कोलाज मेकिंग और पीपीटी प्रेजेंटेशन उत्सव के तीसरे दिन को आयोजित किए गए थे और डॉ. रेखा सेन, सुश्री मोहिनी और सुश्री दीपिका द्वारा समन्वित किया गया था। वंदना बीएससी ने कोलाज मेकिंग में प्रथम, द्वितीय), कंचन बीबीए, व तृतीय स्थान भूमिका बीसीए ने प्राप्त किया।